

# Enrolment policy - Hindi

# नामांकन नीति

## माता-पिता के लिए जानकारी

NSW के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन संबंधी नीति इसलिए बनाई गई है कि स्कूलों को *शिक्षा अधिनियम 1990* के अंतर्गत उनके उत्तरदायित्व को पूरा किया जा सके – यह सुनिश्चित करना कि प्रत्येक विद्यार्थी को उनके स्थानीय स्कूल में स्थान मिले। यह नीति स्टाफ़ व समुदाय को नामांकन की स्पष्ट प्रक्रिया के बारे में बताती है।

### नामांकन नीति को क्यों बदला गया है?

पूरे राज्य में अनेकों समुदाय बदल रहे हैं। कुछ इस रफ़्तार से बढ़ रहे हैं जो पहले नहीं देखी गई। कुछ स्कूल जो पहले क्षेत्र-से-बाहर के विद्यार्थियों का नामांकन कर सकते थे, अब स्थानों की कमी के कारण वे ऐसा नहीं कर सकते।

संशोधित नीति इस लिए बनाई गई है कि स्कूल सभी नामांकन आवेदन-पत्रों का प्रबंधन कर सकें, निर्णय लेने में अधिक अनुरूपता को प्रोत्साहन मिले व यह सुनिश्चित करने के लिए कि नामांकन चयन की नीति माता-पिता के लिए स्पष्ट हो।

### क्या बदलाव किए गए हैं?

#### The enrolment cap

The enrolment cap विद्यार्थियों की वह संख्या है जिनका नामांकन उस स्कूल की स्थाई जगह के आधार पर किया जा सकता है। The enrolment cap हमें बताती है कि स्कूल में ग़ैर-स्थानीय-नामांकन करने की क्षमता है या नहीं। यह किसी स्कूल का स्थानीय नामांकन करने की सख्या का लक्ष्य या सीमा नहीं है।

स्थानीय नामांकन करने के क्षेत्र वाले प्रत्येक स्कूल में cap होगी जो शिक्षा विभाग द्वारा Term 4 2019 से तय की जाएगी।

The enrolment cap के अंतर्गत, नामांकन करने के लिए कुछ स्थान अलग रख दिए जो  उन स्थानीय विद्यार्थियों के लिए होंगे जो हो सकता है कि उस वर्ष के दौरान नामांकन करवाएँ। वे नामांकन स्थान जो अलग रख दिए जाते हैं उन्हें buffer कहा जाता है। इस कारण, जब यह स्कूल buffer पर पहुँच जाएगा तो वह ग़ैर-स्थानीय-विद्यार्थी नहीं लेगा, जब तक कि विशेष कारण न हों।

#### 100 पॉइंट की निवास के पते की जाँच

जो माता-पिता अपने बच्चे का किसी ऐसे स्कूल में नामांकन करवाना चाहते हैं जो अपने buffer या cap पर पहुँचने वाला है या buffer या cap पर पहुँच चुका है तो उनसे कहा जाएगा कि वे 100 पॉइंट की निवास के पते की जाँच को पूरा करें जिससे यह पक्का किया जा सके कि वे स्कूल के निर्दिष्ट स्थानीय क्षेत्र में रहते हैं। अर्थात माता-पिता को वे सब क़ागज़ात देने होंगे जो बच्चे के वर्तमान पते का सत्यापन करें।

जिससे कि स्कूल केवल वही जानकारी ले जो बच्चे के नामांकन से संबंधित है, निवास के पते की जाँच के लिए मान्य क़ागज़ातों की सूची स्कूल या विभाग की इस वेबसाईट पर उपलब्ध है: https://education.nsw.gov.au/policy-library/policies/enrolment-of-students-in-nsw-government-schools.

#### ग़ैर-स्थानीय नामांकन के लिए चुनाव करने का मापदंड

भाई-बहनों के नामांकन को अब स्पष्ट रूप से प्राथमिकता दी जा रही है (जहाँ हो सके), व ग़ैर-स्थानीय-नामांकन के मापदंड में विद्यार्थी की काबिलियत, प्रदर्शन व उपलब्धियाँ शामिल नहीं होंगी।

## क्या नहीं बदला गया है?

स्कूल स्थानीय नामांकन क्षेत्र में रहने वाले विद्यार्थियों का नामांकन करते रहेंगे, चाहे उसकी cap की स्थिति जो भी हो।

ग़ैर-स्थानीय विद्यार्थियों के भाई-बहनों के नामांकन के अधिकारों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जिन स्कूलों में स्थान उपलब्ध होंगे उनमें प्रत्येक आवेदन-पत्र को उसके गुणों पर देखा जाएगा जिसमें क्या अभी कोई भाई-बहन इस स्कूल का विद्यार्थी है या नहीं, शामिल होगा। यदि स्कूल अपनी क्षमता से कम है तो वर्तमान क्षेत्र-से-बाहर के विद्यार्थियों के भाई-बहनों के आवेदन-पत्रों को नामांकन में प्राथमिकता दी जाएगी।

नामांकन प्रक्रिया के दौरान स्कूल परिवारों को सहायता व सलाह देते रहेंगे, जिसमें विशेष व अत्यावश्यक स्थितियों का मूल्यांकन करना, विशेषकर कमज़ोर विद्यार्थीयों व उनके परिवार शामिल हैं।

जब स्कूल नामांकन के आवेदन-पत्रों पर निर्णय लेंगे उस समय वे नीति को उचित रूप से व लगातार लागू करेंगे जिसमें स्पष्ट व उत्तरदायी प्रक्रियाओं का भी उपयोग करेंगे। माता-पिता को अपील करने का अधिकार है यह देखने के लिए कि बताई गई प्रक्रियाओं का उचित तरीके से उपयोग किया गया है।

## पर मेरे लिए इन बदलावों का क्या अर्थ होगा ?

### यदि मेरा बच्चा पहले से ही स्कूल का विद्यार्थी है पर हम उस स्कूल के नामांकन करने के क्षेत्र में नहीं रहते हैं, तो क्या होगा?

आपके बच्चे का नाम उसी स्कूल में रहेगा क्योंकि संशोधित नीति उन विद्यार्थियों को प्रभावित नहीं करती है जो पहले से ही NSW के सरकारी स्कूलों में नामांकित हैं।

### जब मेरे बच्चे का नामांकन हुआ था उस समय हम उसके क्षेत्र में रहते थे। पर विभाग ने उसके बाद स्कूल की सीमा बदल दी है और हमारा घर स्कूल के क्षेत्र से बाहर हो गया है। मेरे और बच्चे भी हैं और मैं चाहता/चाहती हूँ कि वे सब उसी स्कूल में जाएँ। मेरे लिए क्या विकल्प हैं?

कभी-कभी विभाग के लिए आवश्यक होता है कि वे स्कूल के स्थानीय नामांकन करने के क्षेत्र में अनुकूलन करें। इसका अर्थ यह भी हो सकता है कि वे परिवार जिनके बच्चे पहले से ही स्कूल में नामांकित हैं वह स्थानीय नामांकन करने के क्षेत्र से बाहर हो जाते हैं। जब यह होता है तब भी वह परिवार भाई-बहनों के नामांकन को उसी स्कूल में एक साथ करवा सकता है, चाहे वह स्कूल buffer या cap के ऊपर हो।

### मेरा एक बच्चा पहले से ही क्षेत्र-के-बाहर के विद्यार्थी के रूप में NSW सरकारी स्कूल में नामांकित हैं। क्या मैं अपने अन्य बच्चों का नामांकन उसी स्कूल में करवा सकता हूँ ?

यह स्कूल की क्षमता पर निर्भर करेगा:

- यदि स्कूल अपने **buffer के पास नहीं है**, तो भाई-बहनों का नामांकन उसी स्कूल में हो जाना चाहिए। वास्तव में, जहाँ हो सकेगा, जो विद्यार्थी अभी स्कूल में नामांकित हैं उनके भाई-बहनों को अन्य ग़ैर-स्थानीय-नामांकन आवेदन-पत्रों की तुलना में प्राथमिकता दी जाएगी।
- यदि स्कूल अपने **buffer के पास पहुँचने वाला है**, तो स्कूल ग़ैर-स्थानीय-नामांकन पैनल बनाएगा। जब जो ग़ैर-स्थानीय-नामांकन आवेदन-पत्र मिले हैं, उनकी सख़्या buffer के नीचे उपलब्ध स्थानों की सख़्या से अधिक हो जाती है तो पैनल ग़ैर-स्थानीय-नामांकन आवेदन-पत्रों बारे में विचार करता है। फिर भी, ऐसे समय पर, जहाँ हो सकेगा, जो विद्यार्थी अभी स्कूल में नामांकित हैं, उनके भाई-बहनों को अन्य ग़ैर-स्थानीय-नामांकन आवेदन-पत्रों की तुलना में प्राथमिकता दी जाएगी।
- यदि स्कूल **बिल्कुल अपनी क्षमता पर है, अर्थात पूरा भरा है**, तो वह ग़ैर-स्थानीय-नामांकन आवेदन-पत्रों को नहीं लेगा जब तक कि ख़ास स्थिति न हो।

### मैंने अपने बच्चे के लिए पहले से ही 2020 में ऐसे स्कूल में जाने के प्रस्ताव को मान लिया है जो हमारा स्थानीय स्कूल नहीं है। अब क्या होगा?

नामांकन चालू रहेगा। Term 4 2019 से पहले स्वीकृत ग़ैर-स्थानीय-नामांकित विद्यार्थी जो 2020 में आरम्भ करेंगे, उन पर कोई प्रभाव नहीं होगा।

### जो स्कूल मेरा स्थानीय स्कूल नहीं है उसमें नामांकन करवाने का क्या मानदंड है?

वे स्कूल जो ग़ैर-स्थानीय-नामांकन आवेदन-पत्र स्वीकार कर सकते हैं वे ग़ैर-स्थानीय-नामांकन का चयन पैनल बनाते हैं, यदि माँग स्कूल के buffer से नीचे स्थानों से अधिक हो।

स्कूलों को, स्कूल समुदाय को चयन मानदंड उपलब्ध कराना आवश्यक है।

### मेरी स्थितियाँ चुनौतिपूर्ण हैं और मेरा सोचना है कि यह स्कूल मेरे बच्चे के लिए सबसे अच्छा है। हम स्कूल के विद्यार्थी लेने के क्षेत्र से बाहर रहते हैं। मैं क्या करूँ?

हम समझते हैं कि सबकी स्थिति एक समान नहीं होती है, और ऐसे उदाहरण होते है जब विशेष व मजबूरी की स्थितियों पर विचार करना पड़ता है।

यदि ऐसी स्थिति हो तो आपको अपने स्थानीय स्कूल के प्रिंसीपल से बात करनी चाहिए।

## संपर्क

सामान्य प्रश्नों के लिए 1300 679 332 पर फ़ोन करें या DoEinfo@det.nsw.edu.au पर इमेल करें

नामांकन संबंधी प्रश्नों के लिए अपने स्थानीय स्कूल से बात करें। स्कूल से संपर्क करने के लिए जानकारी https://education.nsw.gov.au/public-schools/going-to-a-public-school/finding-a-public-school पर देखें

## टेलिफ़ोन दुभाषिया सेवा

यदि स्कूल से संपर्क करने में मदद के लिए आपको दुभाषिए की आवश्यकता है तो कृपया अनुवाद व दुभाषिया सेवा को 13 14 50 पर फ़ोन करें और आपकी भाषा बोलने वाले दुभाषिए के लिए कहें। ऑपरेटर को वह फ़ोन नम्बर बताएँ जो आपको चाहिए और ऑपरेटर आपके लिए फ़ोन पर दुभाषिए का प्रबंध करेगा जो बातचीत में आपकी मदद करेगा। इस सेवा के लिए आपको कोई खर्चा नहीं देना होगा।